C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 232 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 8 मार्च 2024



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:16 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:28 बजे



तीस मार खां में कैटरीना ...पेज-3 पर

# भस्म आरती से महादेव के दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

महाशिवरात्रि को लेकर देवभूमि में भोलेनाथ के भक्तों में भारी उत्साह है। सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्त जलाभिषेक के लिए लाइन में लगे हैं। कुछ प्रसिद्ध शिव मंदिरों में तो भव्य तैयारियां की गई है।
महाशिवरात्रि को लेकर देहरादून के ऐतिहासिक टपकेश्वर महादेव मंदिर में भव्य मेले का आयोजन किया गया है। शहर के मंदिरों में भी महाशिवरात्रि को खूब सजाया गया है। महाशिवरात्रि पर्व पर आधी रात से ही भगवान टपकेश्वर महादेव भक्तों को दर्शन देने शुरू कर दिए थे। यहां



भगवान टपकेश्वर का भव्य रूप से शृंगार किया गया। इसके बाद रात 12 बजे ही भक्त टपकेश्वर महादेव के दर्शन करने लगे थे। मंदिर के महंत कृष्णा गिरी महाराज ने बताया कि मंदिर में महाशिवरात्रि पर 5100 लीटर केसर युक्त दूध भक्तों को वितरित किया जाएगा।

महाशिवरात्रि पर्व पर टपकेश्वर मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ता है। मंदिर के मुख्य द्वार से लेकर अंदर तक बैरिकेट लगा दिए गए है। इसके साथ ही पुलिस और मंदिर के सेवादार तैनात है। महाशिवरात्रि पर पलटन बाजार के जंगम शिवालय मंदिर में संत महात्माओं और ब्राह्मण भगवान श्री जंगमेश्वर महादेव का 51 लीटर दूध से महारुद्राभिषेक किया जाएगा। इसके बाद 3100 लीटर केसर युक्त दूध का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा। टपकेश्वर मंदिर के साथ ही शहरभर के मंदिरों में सर्वार्थ सिद्धि योग में भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। इसके साथ ही मेले का शुभारंभ होगा। आचार्यों ने बताया कि इस बार महाशिवरात्रि पर सर्वार्थ सिद्धि योग, चतुर्ग्रही योग और शिव योग बन रहा है। इसके साथ ही शुक्र प्रदोष व्रत बन रहा है। इस दिन तीनों योगों का निर्माण होना अद्भुत संयोग है। आचार्य विजेंद्र प्रसाद ममगाई ने बताया कि महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की चार पहर की आरती करने का महत्व है। महाशिवरात्रि पर दून के मंदिरों में आस्था का जनसैलाब उमड़ेगा। मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा।

- संबंधित खबर पेज 4 पर

## News कॉर्नर

### काशी विश्वनाथ में पांच लाख से अधिक भक्त पहुंचे

**वाराणसी।** शिवभक्तों की आस्था के सबसे बड़े उत्सव महाशिवरात्रि पर काशी में बाबा विश्वनाथ दरबार में हर-हर महादेव के जयकारे गूंज रहे। विश्वनाथ धाम में लाखों भक्तों की कतार लगी है। भोर से ही भक्त बाबा के दर्शन को आतुर दिख रहे हैं। सुबह 4 बजे से लेकर 11 बजे तक पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान दर्शनार्थियों पर फूल भी बरसाए गए। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए परिसर में चारों ओर बैरिकेडिंग की गई है। जगह- जगह स्थानों पर पेयजल चिकित्सा की टीमें और पी ए सिस्टम लगाकर लोगों को दर्शन कराने में सहयोग किया जा रहा है।

### दमुवाढूंगा के मसले पर सीएम को ज्ञापन सौंपा



**हल्द्वानी।** नगर निगम के वार्ड 35, 36, 37 के निवासियों को जमीन पर मालिकाना हक दिलाए जाने की मांग पर समाजसेवी हृदयेश कुमार ने नगर निगम इंटर कॉलेज में सीएम धामी को ज्ञापन सौंपा और इस समस्या का जल्द निस्तारण करने की मांग की।



# सीएम ने दी आरटीओ आफिस, बस टर्मिनल समेत 778 करोड़ की सौगात

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने नैनीताल जिले की 778.14 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इसमें हल्द्वानी का आरटीओ आफिस, मोटर ड्राइविंग स्कूल, बस टर्मिनल जैसे तमाम कार्य शामिल हैं। सीएम ने 86 कार्यों का लोकार्पण समेत 158 कार्यों का शिलान्यास किया गया। काठगोदाम डिपो में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि में लैंड जेहाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकारी भूमि पर षड्यंत्र के तहत कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने पिछले दिनों हल्द्वानी में हुई हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि जिसने भी बनभूलपुरा दंगे को अंजाम दिया उस हर एक आरोपी को सलाखों के पीछे जब तक नहीं भेजेंगे तब तक चैन से नहीं बैठेंगे। इस मौके पर क्षेत्रीय सांसद केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट भाजपा जिलाअध्यध प्रात बिष्ट, प्रदेश सहकोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, सभी विधायक व प्रशाशनिक अधिकारी मौजूद रहे।

**हल्द्वानी पहुंचे मुख्यमंत्री धामी**



### एचएमटी फैक्ट्री की जमीन में बड़े प्रोजेक्ट पर होगा काम

सीएम ने भरोसा दिलाया कि जिन कार्यों का शिलान्यास किया जा रहा है उनका लोकार्पण भी हम ही करेंगे। उन्होंने कहा कि एचएमटी फैक्ट्री की जमीन पर भी जल्द नया प्रोजेक्ट तैयार किया जाएगा।

### धाकड़ धामी के नारे लगाए

कार्यक्रम में पहुंची मुस्लिम महिलाओं ने यूसीसी बिल पास करने पर सीएम धामी का आभार जताया। महिलाओं हाथों में तख्तियां लेकर आई थी। सीएम धामी के संबोधन के दौरान पूर्व सैनिकों ने धाकड़ धामी के नारे भी लगाए । कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक सौंपे। इस मौके पर नैनीताल जिले की 40 बालिकाओं को भी लाभान्वित किया।

# 10 मई को खुलेंगे बाबा केदार के कपाट, महाशिवरात्रि पर तिथि घोषित

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

केदारनाथ के रावल भीमाशंकर के मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम के कपाट खोलने की तिथि घोषित की गई। 10 मई को बाबा के कपाट सुबह सात बजे भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे।

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आज शुक्रवार को पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में केदारनाथ धाम के कपाट खोलने की तिथि पंचांग गणना से तय कर घोषित की गई। 10 मई को बाबा केदार के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। बाबा केदार के कपाट खुलने की तिथि तय होने के साथ ही बाबा केदार की पंचमुखी भोगमूर्ति के चल उत्सव विग्रह डोली में विराजमान होकर शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर से अपने धाम के लिए प्रस्थान का दिन भी तय हुआ। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डां. हरीश चंद्र गौड़ ने बताया, आठ मार्च को महाशिवरात्रि पर्व पर ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में सुबह नौ बजे से धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुए। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय की मौजूदगी में केदारनाथ के रावल भीमाशंकर के मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम के कपाट खोलने की तिथि घोषित की।




# प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा आज जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, जिसमें जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता जी की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे द्वारा भीमताल से प्रवीण पटवाल को जिला उपाध्यक्ष और हल्द्वानी से सुरेंद्र सिंह बिष्ट (संजू पाना) को जिला सचिव पद पर मनोनीत किया गया।

उनके मनोनय पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र बोरा,पंकज कंसल, नदीम खान, जिला कोषाध्यक्ष लाला जायसवाल, सह जिला कोषाध्यक्ष विजय तिवाड़ी,जिला उपाध्यक्ष मुरली मनोहर मुलानी,प्रमोद भट्ट,महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महानगर महामंत्री मनोज जायसवाल,जिला महिला अध्यक्ष कुसुम दिगारी, महामंत्री उर्वशी बोरा युवा महानगर अध्यक्ष पवन वर्मा सहित व्यापारी प्रतिनिधियों ने बधाई दी।

दोनों नवनियुक्त पदाधिकारी द्वारा संगठन का आभार व्यक्त करते हुए संगठन के संविधान का अनुश्रवण कर व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।साथ ही जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे द्वारा जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ग्रामीण इकाई मुखानी -कुसुमखेड़ा को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि उक्त इकाई का कार्यकाल समाप्त होने पर इकाई को भंग किया गया है।जल्द ही मुखानी -कुसुमखेड़ा की नई कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा।

# महिला दिवस पर पीएम का ऐलान, घरेलू सिलेंडर 100 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली**
एजेंसी

पीएम मोदी ने कहा कि रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर हमारा लक्ष्य परिवारों की भलाई की दिशा में काम करते रहना है। इससे हम एक स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करना चाहते हैं। यह महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए जीवनयापन को आसान करने की हमारी प्रतिबद्धता दर्शाता है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की मां-बहनों और बेटियों को बड़ा तोहफा दिया है।

उन्होंने एलान किया कि महिलाओं को घरेलू गैस सिलेंडर पर 100 रुपये की छूट दी जाएगी। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। इससे



नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा।

यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। उन्होंने कहा कि रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर हमारा लक्ष्य परिवारों की भलाई की दिशा में काम करते रहना है। इससे हम एक स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करना चाहते हैं। यह महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए जीवनयापन को आसान करने की हमारी प्रतिबद्धता दर्शाता है।

# पंचायत सदस्य की बैठक में स्वास्थ्य को लेकर उठे सवाल

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्य की बैठक ब्लॉक प्रमुख आशा रानी की अध्यक्षता में की गई । बैठक का संचालन संजय गांधी ने किया। बैठक में सर्व प्रथम स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिनिधियों ने सवाल जवाब किये ।

बैठक मे जिला पंचायत सदस्य संजय पांडे ने कहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुरी मे 108 एम्बुलेंस की बहुत ही खराब स्थति मे है जब फोन किया जाता है तो एम्बुलेंस को काफी समय लग जाता है कभी कहीं कभी कही एम्बुलेंस खड़ी रहती है। जो लोग एम्बुलेंस से जाते है उन लोगों को रेफर किया जाता है उसके बावजूद भी हल्द्वानी मे मरीजों को एडमिट करने मे परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोक निर्माण विभाग की चर्चा के दौरान कनिष्क प्रमुख कृपाल मेहता ने बाबियाद टपुवा मोटर मार्ग को ठीक नही होने पर आगामी चुनाव बहिष्कार करने की बात कही जिससे



आठ ग्राम सभाओ के ग्राम वासी चुनाव बहिष्कार करेंगे। इसमें सहायक अभियंता अरुण वर्मा ने शीघ्र ही जैसीबी लगाने का आश्वाशन दिया। धानाचूली से अघरिया रोलजांगल् मोटर मार्ग को बनाये जाने को लेकर लोक निर्माण विभाग द्वारा शासन को स्टिमेट भेजनें की बात कही । बिरसग्या आमदो सड़क को हरी झंडी मिल गई है. ग्राम प्रधान शशबनी ने मोटर मार्ग की समस्या रखते हुए कहा की कला पातल् से गहना पोखरी को जोड़ने वाला मार्ग पूर्ण रूप से शतिग्रस्त है जिसमे लोक निर्माण विभाग ने बताया की यह मार्ग नैनीताल डीवीजन के अंतर्गत है जिसमे जन प्रतिनिधियों ने हंगामा करते हुए कहा कि किसी भी बैठक मे नदारद विभागीय अधिकारी नही आते है जिसमे सिडिओ ने अधिकारीयो की स्पष्टीकरण लेने की बात कही। बुराशी के प्रधान ने बुरासी व काफली हरिनगर मोटर मार्ग का मामला उठाते हुए कहा की विभाग द्वारा लोगो को मुवावजा देने के बावजूद सड़क घोड़े खच्छर चलने लायक नही है सिडिओ ने क्षतिग्रस्त मार्ग का प्रस्ताव शासन को भेजनें के निर्देश दिये । तथा जैसीबी चलाने के निर्देश दिये । जिला पंचायत सदस्य संजय पांडे ने बैठक से बहिष्कार करने की चेतवानी देते हुए कहा की बैठक मे जिम्मेदार अधिकारी कभी नहीं आते है जिससे जनप्रतिनिधियो की समस्याओ का समाधान नही हो पाता है सारे जन प्रतिनिधियों के उठने से ब्लॉक प्रमुख ने सभी प्रतिनिधियों को शान्त करते हुए कहा कि अगली बैठक मे जिम्मेदार अधिकारी पुरी जानकारी के साथ आएंगे अन्यथा अधिकारियों को प्रत्येक कार्य का स्पष्टीकरण देना होगा ।इसके अलावा गैर हाजिर अधिकारियों का स्पष्टिकरण व कार्यवाही खिलाफ मे लाई जाएगी ।इसके बाद पुन: बैठक प्रारम्भ की जायेगी । बिजली विभाग कनिष्क प्रमुख ने ज्यादा बिल आने का मामला सदन मे उठाया । जिस पर विभागिय अधिकारी ने बताया अब घर जाकर मीटर के बिल दिये जाएंगे व साथ ही बैठक ली जायेगी । जिस पर सिडिओ ने बैठक कर बिलो का निस्तारण करने के निर्देश दिये । जल संस्थान की चर्चा के दौरान जन प्रतिनिधियों ने बताया कि जल मिशन का कार्य धीमी गति से चल रहा है कही बाहरी ठेकेदारो द्वारा पाईपो का इलाईमेंट गलत किया गया है तथा फटे हुए पाईप लाइन् मे डाले गये है । जिसमे कि विभागीय अधिकारी सुभाष गंगोला ने कहा कि लाइन टेस्टिंग के बाद ही ठेकेदार के खिलाफ शख्त कार्यवाही की जायेगी । इस दौरान विधायक प्रतिनिधि , ज्येष्ट प्रमुख संजय बिष्ट, कनिष्क प्रमुख कृपाल मेहता , जिला पंचायत सदस्य संजय पांडे , खाद्य पूर्ति निरीक्षक सुनीति रावत, डो हिमांशु कांडपाल, जेई हरीश द्विवेदी, खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल बिष्ट, जिला शिक्षा अधिकारी पुष्कर टम्टा , ग्राम प्रधान दीपा बिष्ट, सरोज आर्या, रेखा बिष्ट, चंदन बिष्ट, राजेंद्र सिंह बिष्ट, आदि लोग उपस्थित थे।



## स्वस्थ एवं मानसिक स्वस्थ शिविर का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला न्यायाधीश सुबीर कुमार के नेतृत्व में जिला कारागार नैनीताल में आयोजित स्वस्थ एवं मानसिक स्वस्थ शिविर का आयोजन किया गया। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश महोदय/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल , सुबीर कुमार जी ,के नेतृत्व में जिला कारागार नैनीताल में बंदियों के लिए आयोजित किया गया विशेष स्वस्थ एवं मानसिक स्वस्थ परीक्षण शिविर। शिविर के दौरान महोदय द्वारा कारागार का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान बंदियों की समस्याएं सुनी गई एवं कारागार अधीक्षक को आवश्यक निर्देश भी दिए गए,एवं बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता तथा, किशोर न्याय अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधान , एवम अन्य अधिकारों के संबंध में जागरूक भी किया गया ।महोदय द्वारा करागर स्थित लीगल एड क्लिनिक, ई प्रिजन कक्ष, सी सी टी वी रूम ,बंदी बैरक्स,अस्पताल,पाक शाला का भी निरीक्षण किया गया। उपरोक्त निरीक्षण के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्रीमती बीनू गुलयानी, कारागार अधीक्षक श्री संजीव ह्यांकी एवं , प्रशिक्षु न्यायाधीश कुमारी तान्या मिधा एवम श्री नवीन राणा उपस्थित रहे।

## जैव प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के निकटवर्ती पटवाडांगर में उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद के क्षेत्रीय केन्द्र पटवाडांगर में हिमालयी जैव विविधता चुनौतियों का समाधान के लिए जैव प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन शोधार्थियों व वैज्ञानिकों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। जिसका मूल्यांकन विषय विषेषज्ञों ने किया। इस दौरान किसान वैज्ञानिक संगोष्ठी के माध्यम से किसानों को पशुपालन, मत्स्य पालन, सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन एवं मौन पालन की तकनीकी जानकारियां भी दी गई।

तकनीकी सत्र में ल्यूकीमियां, लियूकोपीनियां, कैंसर रोग के कारक एवं रोग के उपचार में नैनोटेक्नोलॉजी, हल्दी, नीम, टैक्सस प्रजाति का पौधे, जड़ी-बूटियों, क्यूनोन एवं एंटी ऑक्सीडेन्ट जैसे ग्लूटाथायोन पर गहन चर्चा हुई। शोधार्थियों ने बताया कि रीजेनरेशन व स्टेम सेल तकनीक के द्वारा मानव के क्षतिग्रस्त अंगों को पुन: विकास करने पर व्यापक रूप से शोध कार्य किया जा रहा है। निदेशक डा. संजय कुमार नें वैज्ञानिक-किसान संगोष्ठी में पर्वतीय क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा मिले, इसके लिए उन्होनें पशुपालन की समस्त तकनीकी जानकारियां किसानों को दीं।

कार्यक्रम में तकनीकी जानकारी देते हुए पंतनगर विवि के मत्स्य महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. विपुल गुप्ता एवं डा. ललित भट्ट ने किसानों को मत्स्य पालन व सब्जी उत्पादन की जानकारी दी। बताया कि थोड़े से निवेश करने व औसत क्षेत्रफल की भूमि पर किसान मत्स्य पालन कर सकते हैं। मत्स्य पालन को रोज़गार व आय बढ़ाने का एक अच्छा व्यवसाय बताया।

उत्तराखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में पायी जाने वाली मछली की प्रजातियों के विषय में बताया। उन्होनें मछली के रोगों के कारण व निदान की जानकारी भी दी। जिसके बाद डा. प्रमोद मल ने मौन पालन की जानकारी दी।

## NEWS / फटाफट

### सूखाताल में होली कार्यशाला का आयोजन



**नैनीताल।** नैनी महिला एवम बाल विकास समिति सूखाताल में होली कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें महिलाओं को होली के गीतों एवं नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। होली खेले पशुपति नाथ नगर नेपला में--, मोहे मिल गया नंद का लाल रसिया होलिंन में----,भगा रे भागा नदलाला रे राधा ने पकड़ा रंग डाला उड़ी गयो अबीर गुलाल आदि गीतो में नृत्य का अभ्यास किया जा रहा है। समिति की अध्यक्ष शैलजा ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण 21 मार्च तक चलाया जाएगा, तत्पचात संस्था में होली उत्सव का आयोजन किया जायेगा।

### पंचायती राज को पड़ताल कर निर्णय लेने के निर्देश

**नैनीताल।** उच्च न्यायालय ने ऊधमसिंह नगर जिला पंचायत की ओर से कठित तौर पर वित्तीय व प्रशासनिक शक्तियों को जिला पंचायत अध्यक्ष को देने को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई करते हुए सचिव पंचायती राज को तथ्यों की पड़ताल कर छह सप्ताह में निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में गदरपुर क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य सुमन की याचीका पर सुनवाई हुई। जिसमें कहा गया कि उनके क्षेत्र में विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। प्रस्ताव पर कार्रवाई नहीं होने की जानकारी ली तो अपर मुख्य अधिकारी ने बताया कि 2019 में बोर्ड बैठक में यह प्रस्ताव पारित हुआ था कि अध्यक्ष को प्रशासनिक व वित्तीय शक्ति प्राप्त है जबकि यह प्रस्ताव बोर्ड में पारित ही नहीं हुआ था, इसको टेम्परिंग कर जोड़ा गया था। कुछ सदस्यों ने इस मामले में शपथपत्र देने से भी इंकार किया था।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**-संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## रंगकर्मी जहूर आलम को संगीत नाटक अकादमी सम्मान प्राप्त होने पर रंगकर्मियों ने खुशी जताई

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के वरिष्ठ रंगकर्मी जहूर आलम को भारतीय रंगमंच में निर्देशन के क्षेत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा संगीत नाटक अकादमी सम्मान प्राप्त होने पर रंगकर्मियों ने खुशी जताई है।

वरिष्ठ रंगकर्मी मिथिलेश पांडे द्वारा कहा गया की ये जहूर दा के अथक परिश्रम का फल उन्हें प्राप्त हुआ है। वरिष्ठ रंगकर्मी मुकेश धस्माना द्वारा कहा गया कि जहूर दा के सानिध्य में उन्हें कई नाटकों को काम करने का अवसर प्राप्त हुआ हैं और बहुत कुछ सिखने को मिला है।

प्रयोगांक के निर्देशक मदन मेहरा द्वारा ने कहा कि उनके द्वारा रंगमंच की विपरीत परिस्थितियों में भी जुड़े रहने और अन्य कलकारों को जोड़ने रखे रंग निर्देशन करने का प्रतिफल प्राप्त हुआ हैं। प्रयोगांक के दल नायक श्री उमेश कांडपाल द्वारा



कहा गया की यह जहूर आलम को ही नहीं पूरे उत्तराखंड रंगमंच को प्रतिफल प्राप्त हुआ है। कुमाऊं विश्विद्यालय शिक्षक संघ कूटा ने भी युगमंच नैनीताल के निदेशक जहूर आलम को संगीत नाटक अकादमी राष्ट्रीय पुरुस्कार मिलने पर खुशी जताई है।

## तीन दिन बाद रमजान का महीना शुरू

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

माहे रमजान का महीना जल्द शुरू होने जा रहा है। माहे रमजान के महीने को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है रमजान के महीने को लेकर मस्जिदों की साफ सफाई भी की जा रही है रमजान का पहला रोजा सोमवार का माना जा रहा है इस महीने में नमाज के के अलावा तरावी नमाज पूरे महीने अदा की जाती है कुरान की तिलावत की जाती है।

यह पूरा महीना गुनाहों की तौबा करने व इबादत करने का है। रमजान माह से पहले शुक्रवार को जामा मस्जिद के मुफ्ती मो,आजम कादरी ने लोगों से आह्वान किया है कि रमजान के पाक मुकद्दस महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें, और अपने गुनाहों से तौबा करें ।मौलाना मुकीम कासमी ने मस्जिद में आए नमाजियों को खिताब फरमाते हुए कहा की रमजान का महीना और महीनो से अफजल है इसमें ज्यादा से ज्यादा इबादत करें और गरीबों मजलूमों की मदद करें उन्होंने कहा कि रमजान के महीने में इबादत के सिवा किसी की भी बातों में ना आए भाईचारा बना करके रखें। उनका कहना था कि हुकूमत किसी भी प्रकार की योजना का ऐलान करती है तो इसका विरोध ना करें क्योंकि वह योजना सभी देश वासियों के लिए होगी। वही मौलाना बासित ने जुम्मे की नमाज के बाद देश व शहर में भाईचारा बने रहने के लिए दुआ की साथ ही देश व शहर में चेन अमन कायम रहे ।ये भी दुआ मांगी। मौलाना बासित ने कहा कि किसी के बहकावे में ना आए किसी भी पोस्ट पर कमेंट बाजी ना करें इससे शहर की फिजा खराब हो सकती है। उनका कहना था कि अधिकतर रमजान के मुकद्दस महीने में नमाज रोजा जकात कुरान की तिलावत पर ही ध्यान दें मौलाना बासित ने होने वाले लोकसभा के चुनाव को शांति पूर्वक होने के लिए भी दुआ मांगी।

# अभिमत

## युवाओं के लिए चुनौती

***मशीनीकरण से बहुत से काम आसान हुए हैं, इसी के साथ रोजगार के अवसर कम हुए हैं। अब ऑर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) ने युवाओं के सामने नई चुनौती पेश की है। शिक्षित युवाओं के सामने रोजगार की समस्या उत्पन्न होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट्स को वर्तमान प्रौद्योगिकी संचालित युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग में वृद्धि के प्रति सचेत किया है। युवाओं को अब उन क्षेत्रों में करियर बनाने पर ध्यान केन्द्रित करना होगा, जहां मशीन वांछित कार्यों को निष्पादित नहीं कर सकती हैं।***

परिवर्तन प्रकृति का नियम है। हर क्षेत्र में बदलाव होता रहता है। इसी तरह पैदा होने से दिवंगत होने तक मनुष्य के जीवन में सतत परिवर्तन होता रहता है। विज्ञान और तकनीक में अनुसंधान ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है। मशीनीकरण से बहुत से काम आसान हुए हैं, इसी के साथ रोजगार के अवसर कम हुए हैं। अब ऑर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) ने युवाओं के सामने नई चुनौती पेश की है। शिक्षित युवाओं के सामने रोजगार की समस्या उत्पन्न होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट्स को वर्तमान प्रौद्योगिकी संचालित युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग में वृद्धि के प्रति सचेत किया है। युवाओं को अब उन क्षेत्रों में करियर बनाने पर ध्यान केन्द्रित करना होगा, जहां मशीन वांछित कार्यों को निष्पादित नहीं कर सकती हैं। युवाओं को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वयं को मजबूत बनाकर समग्र विकास सुनिश्चित करना होगा। प्रतिभाशाली युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर डाक्टर व इंजीनियर बनने को प्राथमिकता देते रहे हैं। भारत के डाक्टर और इंजीनियरों ने महाशक्ति अमेरिका तथा योरोप के कई विकसित देशों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। भारत में इंजीनियरों की संख्या अधिक हो जाने पर बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो सकती है। इसी लिए युवाओं का इंजीनियरिंग की पढ़ाई से मोहभंग होता जा रहा है। केन्द्र सरकार ने स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर बल दिया है। बड़े उद्योग समूहों के उच्च पदस्थ अधिकारी भी युवाओं से नौकरी के लिए भटकने की जगह स्वयं का उद्यम शुरू करने के लिए प्रेरित करते रहे हैं। आर्थिक रूप से संपन्न और योग्य युवाओं को ऐसा कार्य करना चाहिए, जिससे कई अन्य लोगों को रोजगार मिल सके। निरक्षरों के लिए भी मशीनीकरण ने बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न की है। जिस काम को दर्जनों मजदूर कई दिनों में करते थे, जेसीबी और पोकलैंड से कुछ ही घंटों में कर दिया जाता है। इसी तरह कृषि क्षेत्र में ट्रैक्टर, थ्रेसर आदि से खेतिहर मजदूरों की रोजी-रोटी के मौके कम हो गये हैं। शिक्षा के विस्तार से अब निरक्षरों की संख्या कम हुई है और मजदूरी की जगह लोगों ने अन्य व्यवसाय शुरू कर दिये हैं। साइबर क्राइम से निपटने में पूरी तरह सफलता नहीं मिली है। अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता से अपराध बढ़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है। युवा इंजीनियर साइबर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का दुरुपयोग करने वालों पर नियंत्रण के क्षेत्र में करियर की तलाश कर सकते हैं। युवा डॉक्टर तकनीक के जरिये विभिन्न महंगी जांच के विकल्प की खोज करें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता से मेडिकल क्षेत्र में भी नई चुनौती पेश होगी।

# भीमताल ब्लॉक के ग्राम पंचायत चनोती में गेस्ट हाउस का उद्घाटन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल ब्लॉक के ग्राम पंचायत चनोती में 15 लाख की लागत से बने गेस्ट हाउस का गुरुवार को मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने उद्घाटन कर ग्राम पंचायत को समर्पित किया।

बता दें कि गेस्ट हाउस ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर बनाने के साथ सशक्तिकरण की ओर आगे बढ़ेगा। विकासखंड भीमताल की ग्राम पंचायत चनौती भी अपनी आमदनी करने वाली अपनी आय अर्जित करने वाली ग्राम पंचायत की सूची में शामिल हो गई है।

ग्राम पंचायत द्वारा तीन कमरों का गेस्ट हाउस निर्माण किया गया है साथ ही एक सुलभ शौचालय का निर्माण किया गया है इससे पर्यटकों को आगामी समय में लाभ मिलेगा।

ग्राम पंचायत की प्रधान प्रधान आरती भट्ट ने बताया की मनरेगा व



ब्लॉक के सहयोग से एवं राज्य वित्त से यह अंगूठी पहल रंग लाई है जिससे जहां ग्राम पंचायत का नाम रोशन हुआ है वही विकासखंड का नाम भी रोशन हुआ। प्रमुख डा.बिष्ट ने कहा चनौती गेस्ट हाउस मिल का पत्थर साबित होगा। गेस्ट हाउस ग्राम पंचायत की आय बढ़ाने का कार्य करेगा साथ ही पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। ग्राम पंचायत की आय बढ़ेगी तो ब्लॉक स्वयं ही आगे बड़ेगा प्रमुख ने कहा मेरा प्रयास है कि ग्राम पंचायत की आय बढ़ाने व ग्रामीणों महिलाओं ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर करने का प्रयास है। इस दौरान कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

# नैनीताल में क्रिकेट कप 2024 के तीन लीग मुकाबले

**नैनीताल ।** नगर के डीएसए मैदान में स्वर्गीय एन के आर्या मैमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित एवं केनरा बैंक नैनीताल द्वारा प्रायोजित स्व. एन के आर्या मेमोरियल क्रिकेट कप 2024 के तीन लीग मुकाबले खेले गए। पहला मैच नैनीताल जू एवं सिटी इलेवन के मध्य खेला गया जिसमें नैनीताल जू ने जीत दर्ज की। दूसरा मैच करेलीखेत सुपर किंग एवं मेहरोड़ा इलेवन के मध्य खेला गया जिसमें मेहरोड़ा इलेवन ने जीत दर्ज की। तीसरा मैच एफसीसी नैनीताल एवं स्नो वॉरियर के मध्य खेला गया जिसमें स्नो वॉरियर ने जीत दर्ज की। आयोजक सचिव मोहित आर्या ने बताया कि प्रतियोगिता का लाइव स्कोर ऑनलाइन क्रिक हिरोज में देखा जा सकता है। निर्णायक सौरव रावत, वीरेंद्र बिष्ट, प्रमोद कुमार, संजय बर्गली तथा हरीश आर्या व मोहित रौतेला रहे। संचालन अभिषेक आर्या ने किया। स्कोरर मोहित बिष्ट रहे। इस दौरान हरीश राणा, मोहित शाह, मुकेश कुमार व पंकज मेहता मौजूद रहे।

## मौसमी सब्जी उगाकर किसान आय बढ़ाएं डॉ ललित भट्ट

**नैनीताल।** कार्यक्रम के दौरान डा. ललित भट्ट ने पर्वतीय क्षेत्रों में सब्जी उत्पादन की तकनीकी जानकारियों के साथ मौसमी सब्जी उत्पादन के साथ आय बढ़ाने की बात कही।

साथ ही तकनीकी जानकारियां साझा की। विषेषज्ञ डा. स्नेहा दोहरे व डा. अरविंद नेगी ने उद्यमिता विकास के लिए युवा प्रतिभागियों को जागरूक किया व स्टार्ट-अप से जुड़ी समस्त वित्तीय एवं प्रशासनिक नियमों एवं शर्तो की जानकारियां दी। बॉयोटेक्नोलॉजी के नवीन अवसरों एवं चुनौतियों पर युवा शोधार्थियों के शोध-पत्रों का मूल्यांकन किया एवं बेहतर शोध के लिए अपने सुझाव दिये।

इस दौरान डा. सुमित पुरोहित, डा. मणिन्द्र मोहन, डा. कंचन कार्की एवं डा. साक्षी पेन्यूली डा. प्रशांत सिंह, डा. सुबोध कुमार भटनागर, डा. रविन्द्र कुमार, डा. संगीता शर्मा, डा. अतुल, डा. ममता आर्या, डा. नारायण बिष्ट डा. मुकेश नौटियाल, डा. विजयकांत पुरोहित एवं डा. बलवंत रावत, डा. संगीता शर्मा, डा. अतुल कुमार एवं डा. रविन्द्र कुमार मौजूद रहे।

# फिल्म कन्नू अमेरिका में प्रदर्शित की जाएगी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में फिल्माई गई संजय सनवाल की फिल्म कन्नू अमेरिका के कैलिफोर्निया में आयोजित फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित की जाएगी। महोत्सव के लिए चयचित होने वाली यह भारत की एकमात्र फिल्म होगी।

बता दें कि इससे पूर्व में फि ल्म फ्रांस के कांस फिल्म महोत्सव में भी प्रदर्शित की जा चुकी है। फिल्म लाइन प्रड्यूसर संजय कनवाल ने बताया कि बाल श्रमिक की कहानी पर केंद्रित कन्नू फिल्म की शूटिंग नैनीताल व आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में की गई थी। फिल्म का अमेरिका के कैलिफोर्निया के प्रख्यात फिल्म महोत्सव 100 फिल्म्स रिट्रीट के प्रिमियर में प्रदर्शन के लिए चयन हुआ है। इससे पूर्व भी बीते वर्ष फिल्म फ्रांस के कांस फिल्म महोत्सव में सम्मिलित हुई थी। इसके अलावा फिल्म आधा दर्जन से अधिक अर्न्तराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में प्रदर्शित कर सम्मान पा चुकी है। फिल्म के अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर चयनीत होने पर शहर के रंगकर्मियों व कलाकारों ने हर्ष व्यक्त किया है।



## भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**नैनीताल।** गुरुवार को पूरे देश में भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत की 63वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। वहीं नैनीताल में भी मल्लीताल स्थित पंत पार्क में गोविंद बल्लभ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया गया तथा उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस दौरान प्रमुख राज्य आंदोलनकारी पूरन सिंह मेहरा समेत निवर्तमान सभासद प्रेमा अधिकारी के अलावा ललित,अरमान,प्रदीप तथा दीपक परिहार आदि मौजूद रहे।

## फिल्मी दुनिया

# तीस मार खां में कैटरीना को शामिल करने के सख्त खिलाफ थीं फराह



*फराह खान द्वारा निर्देशित तीस मार खां साल 2010 की चर्चित फिल्मों में से एक रही थी। हालांकि, शानदार स्टार कास्ट और जबर्दस्त प्रचार के बाद भी यह फिल्म दर्शकों को प्रभावित नहीं कर पाई थी, लेकिन इस फिल्म के गानों को लोगों ने खूब पसंद किया। इन्हीं में से एक गाना शीला की जवानी थी, जो खूब लोकप्रिय हुआ था। इस गाने को लोग आज भी सुनना पसंद करते हैं। यह गाना कैटरीना कैफ पर फिल्माया गया था, जो फिल्म में मुख्य हीरोइन थी, लेकिन क्या आप जानते है कि फिल्म की निर्देशक फराह खान तीस मार खां में कैटरीना को शामिल नहीं करना चाहती थी? इसका खुलासा फराह ने एक साक्षात्कार में किया है। हाल ही में एक साक्षात्कार में फराह खान कास्टिंग डायरेक्ट मुकेश छाबड़ा के साथ नजर आईं, इस दौरान जब मुकेश ने उनसे पूछा कि वे अपनी फिल्मों के लिए कलाकारों को कैसे चुनती हैं। इसके जवाब देते हुए फराह ने कहा, इसे समझना थोड़ा मुश्किल है। मैंने ओम शांति ओम के लिए दीपिका पादुकोण को चुना, जबकि उस समय कई अन्य बड़ी एक्ट्रेस इस भूमिका के लिए लाइन में थीं।*

## इस भूमिका में फिट

*तीस मार खां को लेकर को लेकर फराह ने कहा कभी-कभी बहुत कठिन होता है। कई बार निर्देशक अपनी पसंद के अभिनेता की जगह कुछ अन्य विकल्प को चुनते हैं क्योंकि वे इस भूमिका में फिट बैठते हैं। मुझे याद है कि मैं तीस मार खां में कैटरीना कैफ को नहीं लेना चाहती थी, क्योंकि वे अक्षय कुमार के साथ 6-7 फिल्में कर चुकी थीं। मैंने पूरी तरह से सोच लिया था इस फिल्म में कैटरीना कैफ को नहीं लूंगी, लेकिन वे इस भूमिका के बहुत फिट थी और घूम-घाम के वही तीस मार खां में हीरोइन के रूप में आईं।*

# दस दिवसीय एनपीसीडीसीएस कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नैनीताल क्लब में 27 फरवरी से चल रहे दस दिवसीय एनपीसीडीसीएस कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तर पर प्रशिक्षण दिया गया और इसका समापन गुरुवार को हुआ।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मेडिकल ऑफि सर, स्टाफ नर्सेज तथा फार्मेसिस्ट व सीएचओ और एएनएम को गैर संचारी रोगों के विषय में प्रशिक्षण दिया गया। इसमें सभी ब्लॉक की एएनएमए मेडिकल ऑफिसरए स्टाफ नर्सेज, फार्मेसिस्ट और सीएचओ प्रतिभाग कि या तथा विभिन्न ब्लॉक की 53 एएनएम को गैर संचारी रोगों के विषय में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षक डॉ. ललिता सिसोदिया ने बताया कि गैर संचारी रोगों के विषय में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ताकि ग्रामीण स्तर पर भी लोगों को गैर संचारी रोगों और इसके रोकथाम के लिए जागरूक किया जा सके। इस दौरान प्रशिक्षक डॉ. ललिता सिसोदिया, मनोज बाबू, देवेंद्र बिष्ट, यशिका तिवारी, ललिता सिसोदिया, राकेश कुमार, तनुज तिवारी, दीपक कांडपाल तथा हरेंद्र सिंह कठायत और समस्त एएनएम प्रशिक्षु उपस्थित रहे।



# महाशिवरात्रि पर किया गंगाजल वितरण

सांध्य दैनिक
**उत्तरांचल दीप**
परिवार की ओर से
शिव अमृत
गंगा जल
वितरण

**महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर पूरा क्षेत्र ओम नमः शिवाय और जय शंकर की के नारों के साथ शिवमय हो उठा। प्रदेशभर में भगवान शंकर के प्राचीन मंदिर बेलबाबा मंदिर में प्रातः 4 बजे से पूजा अर्चना प्रारंभ हो गई और शिव भक्तों द्वारा गंगा जल चढ़ाकर शिव की स्तुति की गई।**

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शहर के मंदिरों में सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा जल का वितरण किया और शिवभक्तो द्वारा गंगा जल ग्रहण कर भगवान शंकर को चढ़ाया और हर हर महादेव के नारों के साथ पूरा माहौल शिवमय कर दिया।

महानगर के प्रमुख आस्था के केंद्र कालू सिद्ध बाबा के मंदिर में भी शिवभक्तो का ताता लगा रहा और मंदिर परिसर सहित आसपास का माहौल शिवमय हो उठा। प्राचीन शिव मंदिर मुखानी और खाटू श्याम मंदिर मुखानी में भी उत्तरांचल दीप द्वारा गंगा जल का वितरण किया गया और भक्तों द्वारा पूजा अर्चना कर गंगा जल चढ़ाकर शिव का आशीर्वाद लिया। नगर के अन्य मंदिरों शीतला देवी मंदिर,पीपलेश्वर महादेव मंदिर, भैरो मंदिर,आवलेश्वर मंदिर, लटुरिया बाबा मंदिर,राधा कृष्ण मंदिर व शहर के सभी मंदिरों में प्रात: से ही पूजा अर्चना प्रारंभ हो गई और शिवभक्तों द्वारा भजन कीर्तन किए गए। नगर में इस मौके पर शिवभक्तो ने जगह जगह भंडारे का आयोजन किया और प्रसाद वितरण किया गया।

सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप द्वारा नगर के सभी मंदिरों में गंगा जल उपलब्ध कराया और इस पावन पर्व पर शिवभक्तो को महाशिवरात्रि पर्व का प्रसाद दिया। उत्तरांचल दीप की टीम पिछले एक सप्ताह से इस कार्य में जुट गई थी। इस पावन कार्य में कृष्णा हॉस्पिटल,जंगल फिएस्टा, एच एम, ए वन इंडस्ट्री, के वी एम स्कूल,हैप्पीनेस,सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल,अंकुर मोटर्स,सेंट लॉरेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, के एस पैकिंग, पर्ल्स स्कूल, प्रदीप एकेडमी, यूनिवर्सल स्कूल, अतिथि रेस्टोरेंट, सनवाल स्पीच, ओएसिस स्कूल, विजडम स्कूल, विंध्यवासिनी पैंट्स, पुरन एंड संस, द मास्टर स्कूल,बीयर शिवा, बेला तोलिया,बुरांश मैट्रेस, डॉक्टर मोहन तिवारी मेटरनिटी हॉस्पिटल, प्रेमा सनवाल आदि का सहयोग रहा।

उत्तरांचल दीप परिवार के प्रधान संपादक साकेत अग्रवाल ने सभी को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तरांचल दीप शिवभक्तों को प्रतिवर्ष गंगा जल उपलब्ध कराने का प्रयास करता है जिससे सभी को भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त हो। टीम में प्रबंधक दीपक तिवारी, सिद्धांत अग्रवाल, कमल शर्मा, के के चौहान, रवि दुर्गापाल, राजेंद्र गुरुरानी, नवनीत सिंह, सलीम, तारु तिवारी, चंदन भट्ट, शिवांशु माथुर, संजय भंडारी, आदित्य, राकेश कुमार, प्रकाश,उमेश पांडेय, कन्हैय्या लाल आदि का सहयोग रहा।



**16** मंदिरों में किया गया गंगाजल वितरण

**11** हजार गंगाजल बोतलों से हुआ शिव अभिषेक

## शास्त्री बोले....

खाटू श्याम मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री ने बताया कि हिन्दू धर्म शास्त्र के अनुसार सभी देवी देवताओं में भगवान शिव को सबसे श्रेष्ट माना जाता है। ब्रम्हाण्ड के सभी देव एवं मानव जाति भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए अलग-अलग तरीके से पूजा, अर्चना करते है तथा व्रत एवं उपवास रखते है।

## कैमरे में गंगाजल वितरण


नागेश्वर मंदिर, बरेली रोड, हल्द्वानी। -उत्तरांचल दीप


सत्यनारायण मंदिर, भोलानाथ गार्डन, हल्द्वानी। -उत्तरांचल दीप

# उत्तरांचल दीप परिवार ने दी शुभकामनाएं

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता


हल्द्वानी में स्थित 150 साल पुराने बेल बाबा मंदिर की महिमा अपरंपार है। महाशिवरात्रि के दिन यहां पर हजारों भक्तों द्वारा पूजा अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त कर देश व समाज की समृद्धि की कामना की जाती हैं।

मुख्य शहर से करीब 7 किलोमीटर की दूरी पर रामपुर रोड पर 150 साल पुराना बेल बाबा का मंदिर स्थित है। मान्यता है कि मंदिर में आने वाले सभी भक्तों की मनोकामना पूरी होती है. यही वजह है कि यहां भक्तों का तांता लगा रहता है। बाबा के दर्शन करने रोज यहां सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं ।बेल बाबा मंदिर की मान्यता है कि एक बार जो बाबा के दर्शन कर लेता है, वह फिर बाबा के पास जरूर पहुंचता है। इस मंदिर में बाबा के दर्शन के बाद मनोकामना मांगने वाले भक्तों की मुराद जरूर पूरी होती हैं ।1966 में बेल बाबा मंदिर को भव्य रूप दिया गया था. बाबा के मंदिर में ज्यादातर लोग देश की खुशहाली और समृद्धि की कामना लेकर आया करते है।


बेल बाबा मंदिर, रामपुर रोड, हल्द्वानी। -उत्तरांचल दीप


भूमियादेव मंदिर, चौधरी कालोनी, गौजाजाली। -उत्तरांचल दीप


कालिका मंदिर, अम्बिका विहार, मोटिया पड़ाव। -उत्तरांचल दीप


पिपलेश्वर मंदिर, चौक, हल्द्वानी। -उत्तरांचल दीप


शिव मंदिर, अम्बिका विहार।


जेकेपुरम में जलाभिषेक।


शिव मंदिर, जेकेपुरम, हल्द्वानी। -उत्तरांचल दीप


कालू सिद्ध बाबा मंदिर, कालाढूंगी चौराहा, हल्द्वानी। -उत्तरांचल दीप


काल भैरव मंदिर, डीके पार्क, हल्द्वानी। -उत्तरांचल दीप


शिव मंदिर, मुखानी चौराहा, हल्द्वानी। -उत्तरांचल दीप


बेल बाबा मंदिर


राधाकृष्ण मंदिर (लटूरिया आश्रम), बरेली रोड, हल्द्वानी। -उत्तरांचल दीप


प्राचीन शिव मंदिर, नवीन मंडी गेट, हल्द्वानी। -उत्तरांचल दीप


खाटूश्याम मंदिर, मुखानी, हल्द्वानी। -उत्तरांचल दीप

# महाशिवरात्रि के मौके पर नैनीताल के मंदिर में उमरा भक्तों का सैलाब

नैनीताल
हमारे संवाददाता

महाशिवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को नैनीताल के सभी धार्मिक स्थलों पर भक्तों की खासी भीड़ रही। इस दौरान सुबह से ही दर्शन को पहुंचने वाले श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक किया।

मां नयना देवी मंदिर स्थित शिव मंदिर में तड़के 6 बजे से भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था। इस दौरान शहर समेत आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में लोगों ने यहां पहुंचकर मत्था टेका। मंदिर के प्रधान पुजारी बसंत बल्लभ पांडे ने पूजा अर्चना कराई। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में पहुंचकर शिव की आराधना की। इसके अलावा हनुमानगढ़ तथा गुफा महादेव में भी खासी भीड़ देखने को मिली। यहां पहुंची महिलाओं ने उपवास रखकर घरों से लाया जल तथा दूध चढ़ाया। इसके अलावा ठंडी सड़क स्थित गोलू देवता मंदिर, पाषाण देवी मंदिर, शनि देव मंदिर आदि धार्मिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही।



## शिव पूजन व रुद्राभिषेक किया

**नैनीताल।** महर्षि विद्या मंदिर ताकुला में शिव रात्रि पर्व की पूर्व संध्या पर शिव पूजन व रुद्राभिषेक किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य निर्मल पाण्डे व सभी कर्मचारियों द्वारा गुरु पूजन किया गया। उसके बाद हरीश चद्र जोशी द्वारा शिव पूजन और रुद्राभिषेक कराया गया। छात्र/छात्राओं द्वारा शिव पार्वती झांकी प्रस्तुत किए गए जिसमें शिव की भूमिका प्रतिष्ठा कनवाल और पार्वती की भूमिका प्रियांशी जोशी ने निभाई।